उत्तर प्रदेश सरकार
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
19, सी, तुलसी गंगा काम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001

# सूचना/ विज्ञप्ति

**(वेबसाइट पर प्रकाशन हेतु)**

**चयन वर्ष–2023–24 के अन्तर्गत रिक्त 56 पदों के सापेक्ष पात्र कार्मिक की विभागीय लिखित परीक्षा/सेवाभिलेखों के मूल्यांकन के आधार पर कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–सी से प्रोग्रामर ग्रेड–2 के पद पर श्रेष्ठताक्रम में चयन के सम्बन्ध में दिनांक 12–01–2026 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के प्रश्नों एवं उनके उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में आपत्ति का आमंत्रण।**

संख्या–पीआरपीबी–चार–16–(09)–2025

दिनांक–जनवरी 16 , 2026

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली–2011 (यथा–संशोधित) में निहित प्रावधानानुसार **प्रोग्रामर ग्रेड–2** के 56 रिक्त पदो के सापेक्ष पात्र कार्मिक की विभागीय लिखित परीक्षा/सेवाभिलेखों के मूल्यांकन के आधार पर श्रेष्ठताक्रम में चयन हेतु प्रथम चरण की लिखित परीक्षा **दिनांक 12–01–2026** को सम्पन्न हो चुकी है। कार्मिक की प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर प्रदर्शित कर दी गयी है। कार्मिक उक्त वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर जाकर उस पर दिये गये फील्ड्स पर अपना अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि भरकर अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर कुंजी देख सकता है।

2– बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर कुंजी का कार्मिक सावधानीपूर्वक अवलोकन कर ले। प्रदर्शित की गयी प्रश्न पुस्तिका के प्रश्नों/उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो कार्मिक द्वारा आपत्तियों के समर्थन में स्रोत/सन्दर्भ को अंकित करना आवश्यक होगा तथा आपत्ति का वांछित प्रमाण/अभिलेख निर्धारित स्थान पर अपलोड करते हुए आपत्ति दर्ज करा सकता है। कार्मिक द्वारा उक्त वेबसाइट पर दर्ज की गयी आपत्ति ही मान्य होगी। अन्य किसी भी माध्यम से की गयी आपत्ति स्वीकार नही की जायेगी।

3– कार्मिक अपनी आपत्ति केवल बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से आज दिनांक 16–01–2026 से **दिनांक 19–01–2026 की मध्य रात्रि तक** दर्ज करा सकता है। एक बार आपत्ति दर्ज कराने के बाद कार्मिक पुनः कोई आपत्ति दर्ज नही करा सकता है। अतः कार्मिक से अपेक्षा की जाती है कि कोई आपत्ति दर्ज कराने के पूर्व वह सावधानीपूर्वक अपनी प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर कुंजी की जॉच कर ले।

4– यद्यपि उक्त सूचना वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिए बोर्ड उत्तरदायी नही होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा/अनुमन्य होगा।

5– उक्त के अतिरिक्त कार्मिक को यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त डेटा को देखने में कोई असुविधा हो रही हो तो **हेल्पलाइन नम्बर–9877739564** पर सम्पर्क कर सकते है। यह हेल्पलाइन नम्बर दिनांक 19–01–2026 की मध्य रात्रि तक कार्यरत रहेगा।

16/1/26

**अपर सचिव, प्रोन्नति**
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
लखनऊ।